तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **संतोष टाक बनाम लो.सू.अ.(अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 256/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14-09-2022	अपीलार्थी संतोष टाक, निवासी ग्राम नागलवास, तहसील भोपालगढ, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 15.06.2022 में (1)सार्वजनिक सरकारी भूमि ग्राम नागलवास पोस्ट पालड़ी राणावता जिला जोधपुर पर दिये गये अतिकमण बाबत् अध्यक्ष जिला पीएलपीसी जोधपुर को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही, से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (कलक्टर कार्यालय जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 1439 दिनांक 31.08.2022 को रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग, कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थीया संतोष को इस कार्यालय के पत्र संख्या 1134 दिनांक 28.07.22 द्वारा कुल 01 पृष्ठ की सूचना निशुल्क प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	